भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2533
दिनांक 17 मार्च, 2022/26 फाल्गुन, 1943 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

एअर इंडिया की कलाकृतियां

2533. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री विद्युत बरन महतो:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने एअर इंडिया को टाटा कंपनी को हस्तांतरित करने के बड़े सौदे के बाद जेआरडी टाटा द्वारा बनाए गए कला संग्रह के स्वामित्व के विषय में कोई विवरण दिया है;
(ख) यदि हां, तो उक्त कला संग्रह के भविष्य के विषय में क्या ब्यौरा है;
(ग) क्या इनमें से कुछ कलाकृतियां जीर्ण-शीर्ण दशा में हैं और एअर इंडिया के कार्मिकों ने उनका समुचित रखरखाव नहीं किया तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या इनमें कुछ कलाकृतियां गायब हैं और बाजार में बिक्री हेतु रख दी गई हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या उक्त कलाकृतियों को चोरी करके इन्हें बाजार में बेचने में कुछ पूर्व अथवा वर्तमान एअर इंडिया कार्मिकों की संलिप्तता है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त त्रुटिकर्ता कार्मिकों के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई/किए जाने का विचार है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) और (ख): सरकार ने एअर इंडिया का कला संग्रह, संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले संगठन, नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है।

(ग) और (घ): वर्तमान में, एअर इंडिया के कला संग्रह को मुंबई में एअर इंडिया बिल्डिंग में सुरक्षा कर्मियों की देखरेख में, 24 x 7 सीसीटीवी निगरानी के तहत रखा गया है। एअर इंडिया के रिकॉर्ड के अनुसार, 19 पेंटिंग्स आग की विभिन्न घटनाओं में नष्ट हो गईं, 02 को स्क्रैप कर दिया गया, 01 टूट गई थी और कुछ का पता नहीं चल सका। इसके अतिरिक्त, एक पेंटिंग "फ्लाइंग अप्सरा" चोरी हो गई/खो गई थी। मामले में दिल्ली पुलिस में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बाद में यह पेंटिंग बरामद कर ली गई।

(ङ): मंत्रालय के संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं आया है।

(च): उपरोक्त (ङ) के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।